Tender Heart High School, Sector-33 B, Chandigarh.

कक्षा - तीसरी

विषय- हिन्दी साहित्य
शिक्षिका - श्रीमती कल्पना शर्मा

पुस्तक : तरंग हिन्दी पाठमाला भाग-3

पाठ- 13 दो बैलों की कथा के प्रश्न-उत्तर

प्रश्न 1. झूरी के पास कितने बैल थे?
उत्तर- झूरी के पास दो बैल थे। उन बैलों के नाम हीरा और मोती था।

प्रश्न 2. झूरी के बैलों को कौन माँग कर ले गया?
उत्तर - झूरी के बैलों को झूरी की पत्नी का भाई गया कुछ दिनों के लिए अपने गाँव झूरी से माँग कर ले गया।

प्रश्न 3. गया के घर से बैल क्यों भागे?
उत्तर - गया के घर से दोनों बैल इसलिए भागे क्योंकि गया उन्हें दिनभर खेत में जोतता, मारता - पीटता और शाम के उनके सामने रूखा - सूखा भूसा डाल देता था।

प्रश्न 4. हीरा और मोती ने साँड से अपने आपको कैसे बचाया?
उत्तर- हीरा और मोती ने साँड को देखते ही साहस से काम लिया। जब साँड ने आकर हीरा पर वार किया तो मोती ने भी पीछे से उस पर सींगों से चोट की। दोनों के मिलकर वार करने से साँड घबराकर भाग गया।

कक्षा - तीसरी                    विषय - हिन्दी साहित्य

प्रश्न 5. हीरा और मोती को काँजीहौस में क्यों बंद कर दिया गया ?

उत्तर - भूखे होने के कारण हीरा और मोती जैसे ही मटर के खेत में मटर खाने घुसे तभी खेत के रखवालों ने उन्हें देख लिया और उन्हें काँजीहौस में बंद करवा दिया।

प्रश्न 6 काँजीहौस के रखवालों ने बैलों का क्या किया ?

उत्तर - जब हीरा और मोती ने चतुराई से काँजीहौस की दीवार तोड़ दी और वहाँ कैद सभी कमज़ोर जानवरों को आज़ाद कर दिया तब काँजीहौस के रखवालों ने दोनों बैलों को एक व्यापारी के हाथ नीलाम कर दिया।

गृहकार्य

सभी छात्र ऊपर दिए प्रश्नोत्तर को अपनी-अपनी साहित्य की कॉपी में लिखेंगे तथा याद भी करेंगे।

धन्यवाद।

[Last Page]